# पिछले 17 सालों में 171 जरूरतमंदों कन्याओं की शादियों में सिटी मीडिया के पाठक दे चुके है सहयोग



**सिटी मीडिया के पाठकों के सहयोग से दी गई राशि से 11000 हजार रुपयें नकद व अन्य सामान बेटी की शादी के लिए स्वामी राजेश्वरानंद द्वारा दिया गया।**

**171 वीं जरूरतमंद महिला की बेटी की शादी के लिए सिटी मीडिया के पाठको द्वारा 11,000 रूपये नकद व वाशिंग मशीन, डबल बैड का कंबल, दरियां, 31 बर्तन,व मोर्निंग गेलोरी स्कूल द्वारा 1 ब्लैकेंट, 1 बैडशीट, तकियें, व अन्य सम्मान का सहयोग दिया गया।**

**अब दिसंबर में 1 जरूरतमंद कन्या ने शादी के लिए सिटी मीडिया के पाठकों से गुहार लगाई है सिटी मीडिया पिछले 17 सालों से अब तक 171 जरूरतमंद कन्याओं की शादी करवा चुका है। पाठक कृप्या नोट करें सिटी मीडिया केवल उन्हीं कन्याओं के विवाह में मदद का फैसला लेता है जिनके सिर पर पिता का साया नहीं होता या बीमार होते है व उक्त कन्या का पता आदि गुप्त रखा जाता है। सिटी मीडिया की टीम द्वारा उनके घर जाकर सर्वे किया जाता है। जिस घर में फ्रिज, बाइक, स्कूटर व अन्य महंगे सामान नहीं होते उन जरूरतमंद कन्याओं की शादी में सहयोग का फैसला लिया जाता है। अब दिसबंर में 1 जरूरतमंद कन्या की शादी के लिए सिटी मीडिया के पाठकों से मदद की गुहार लगाई है। आप भी इसमें सहयोग देकर पुण्य के भागीदार बने।**

**सिटी मीडिया कार्यालय मानव चौक, अंबाला शहर**
**मुख्य संपादक- नरेंद्र सिंह भाटिया - 0171-2533033, 94165-33033**

# महाराष्ट्र में भाजपा, झारखंड में जेएमएम बनाएगी सरकार

दिल्ली (सिटी मीडिया) **महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव**- राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना और प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहीं. रुझानों में सत्ताधारी महायुति गठबंधन को बड़ी जीत मिलती दिख रही है. अभी महायुति 224 सीटों पर आगे है, जबकि महाविकास अघाड़ी 59 सीटों पर सिमटता दिख रहा है

**पंजाब में एक सीट आप ने जीती**- पंजाब में होशियारपुर जिले की चब्बेवाल सीट पर आप के उम्मीदवार इशांक कुमार जीत गए हैं। उन्होंने 28 हजार से ज्यादा वोटों से कांग्रेस के रणजीत कुमार को हराया है। इशांक होशियारपुर लोकसभा सीट से सांसद डॉ. राजकुमार चब्बेवाल के बेटे हैं।

**बरनाला उपचुनाव रिजल्ट - कांग्रेस के कुलदीप सिंह ढिल्लों जीते**-पंजाब की बरनाला विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप सिंह ढिल्लों को जीत मिली है। कुलदीप ने आम आदमी पार्टी के हरिंदर सिंह धालीवाल को 2157 वोटों से हराया है।

**झारखंड विधानसभा चुनावों में भी बीजेपी को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। एक तरफ जहां JMM के नेतृत्व वाले गठबंधन को 50 से ज्यादा सीटों पर बढ़त मिलती दिख रही है वहीं इखढ गठबंधन 30 से भी नीचे सिमटता नजर आ रहा है। हालांकि महाराष्ट्र में BJP+ का जादू भरपूर चला है और यह गठबंधन 220 से भी ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करता दिख रहा है।**

**उत्तराखंड की एकमात्र केदारनाथ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कुल 13 राउंड में मतगणना हुई। इस सीट पर भाजपा की आशा नौटियाल ने जीत दर्ज की।**

आशा नौटियाल को कुल 23814 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के मनोज रावत को 18192 मत प्राप्त हुए। आशा ने मनोज रावत को 5622 मतों को अंतर से हराया। निर्दलीय त्रिभुवन सिंह भी वोट खींचने में सफल रहे। उन्हें 9311 मत प्राप्त हुए।

**बिहार उपचुनाव रिजल्ट -: तरारी सीट पर बीजेपी की 'विशाल' जीत**- चार सीटों पर हुए उपचुनाव में बीजेपी ने बिहार की तरारी सीट पर भाकपा माले के राजू यादव को 10612 वोटों से मात दी है। बीजेपी प्रत्याशी विशाल प्रशांत को 78755 और राजू यादव को 68143 वोट मिले।

**केदारनाथ चुनाव - बीजेपी प्रत्याशी आशा जीतीं**- उत्तराखंड में केदारनाथ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में बीजेपी की उम्मीदवार आशा नौटियाल ने कांग्रेस के मनोज रावत को 5622 वोटों से हरा दिया है। आशा नौटियाल को 23814 और मनोज रावत को 18192 वोट मिले।

**केरल की पलक्कड़ उपचुनाव रिजल्ट -कांग्रेस को मिली जीत**- केरल की पलक्कड़ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। कांग्रेस के प्रत्याशी राहुल ममकूटथिल ने बीजेपी के सी कृष्णकुमार को 18840 वोटों के भारी अंतर से मात दी है।

**कर्नाटक में शिगगांव उपचुनाव रिजल्ट - कांग्रेस के यासिर अहमद खान जीते**- कर्नाटक में संदूर और चेन्नपटना के बाद शिगगांव सीट पर भी कांग्रेस ने जीत हासिल कर ली है। यहां कांग्रेस के उम्मीदवार पठान यासिर अहमद खान ने बीजेपी के भरत बोम्मई को 13448 वोटों से हराया है।

**बेलागंज उपचुनाव रिजल्ट - जेडीयू की मनोरमा देवी जीतीं**- इमामगंज के बाद एनडीए ने बिहार की बेलागंज सीट को भी जीत लिया है। यहां जेडीयू उम्मीदवार मनोरमा देवी ने आरजेडी के विश्वनाथ कुमार सिंह को 21391 वोटों के हराया है।

**चेन्नापटना उपचुनाव रिजल्ट - 25413 वोटों से जीती कांग्रेस**- संदूर के बाद कर्नाटक की चेन्नापटना विधानसभा सीट पर भी कांग्रेस ने जीत हासिल की है। यहां कांग्रेस उम्मीदवार सी पी योगीश्वर ने जेडीएस प्रत्याशी और पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी को 25413 वोटों के अंतर से हराया है।

**बिहार की इमामगंज चुनाव रिजल्ट -जीतन राम मांझी की बहू जीतीं**-बिहार की चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में इमामगंज सीट का रिजल्ट फाइनल हो गया है। इमामगंज सीट पर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा की प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की बहू दीपा मांझी ने आरजेडी के रौशन कुमार को 5945 वोटों से हराकर जीत हासिल की है।

# मणिपुर भेजी जाएंगी सीआरपीएफ की 90 अतिरिक्त कंपनिया

मणिपुर (सिटी मीडिया) भारत के पूर्वोत्तरी राज्य मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के बीच केंद्र सरकार ने राज्य में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 90 अतिरिक्त कंपनियां भेजने का फैसला लिया है। मणिपुर के मुख्य सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने बताया कि राज्य को पहले से तैनात 198 सीआरपीएफ कंपनियों के अलावा, 90 नई कंपनियां मिलेंगी। इनमें से एक बड़ी संख्या पहले ही इंफाल पहुंच चुकी है।

# महाराष्ट्र में 26 नवंबर को होगा शपथ ग्रहण, 25 को विधायक दल की बैठक

महाराष्ट्र (सिटी मीडिया) भारतीय जनता पार्टी 25 नवंबर को महाराष्ट्र विधायक दल की बैठक बुलाएगी। 26 तारीख को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके बीच महायुति गठबंधन की एक और बड़ी बैठक भी होगी।

जहां मुख्यमंत्री पद से लेकर तमाम मंत्रालयों के बारे में विस्तार से चर्चा होगी।

राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पश्चिमी राज्य महाराष्ट्र लोकसभा में 48 सांसद भेजता है। संसदीय चुनाव में एमवीए ने निर्णायक 30 सीटों पर विजय हासिल की, लेकिन इस बार रुख बदला नजर आया है। भाजपा 125 सीट पर आगे है। शिवसेना 56 और राकांपा 35 सीट पर आगे है। कांग्रेस सिर्फ 21, शिवसेना (UBT) 17 और एनसीपी (SP) 13 सीट पर आगे है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में आगे हैं।

# पर्थ टेस्ट के दूसरे दिन- भारत को 160 रन की बढ़त ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 104 रन पर ऑलआउट

पर्थ (सिटी मीडिया) भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर 160 रन की बढ़त बना ली है। आज शनिवार को मुकाबले का दूसरा दिन है। तीसरे सेशन में खेलते हुए भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में बिना नुकसान के 98 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी अर्धशतकीय साझेदारी कर चुकी है।

पर्थ में ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 104 रन पर ऑलआउट हो गई थी। भारत को 46 रन की बढ़त मिली थी। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह 67/7 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। टीम ने 37 रन बनाने में आखिरी 3 विकेट गंवा दिए। विकेटकीपर एलेक्स कैरी अपने पहले दिन के स्कोर में 2 रन ही जोड़ सके।

**FOR RANT**
10 मरला सेक्टर- 10
Ground Floor
Indipandent
23.25.26
Cont-72067-90086

**आवश्यकता है**
मेडिकल स्टोर पर काम करने के लिए ग्रेजुएट अनुभवी लड़की की
23.F
Cont- 96711-08939

**FOR SALE**
170 YDS PLOT/FRONT
30 Feet on 20 Feet WIDE ROAD
Ram Nagar, A/City
23.25.26
Cont-94660-28017

**REQUIRED**
FIELD OFFICERS-5
SECURITY GUARD-50
HOUSE KEEPING-25
JMK MANPOWER PVT.LTD
18.22.23
8059886156,7496958106-101

**REQUIRES**
Salesman. (18k-20k)
Helper (12k-15k)
Computer operator (15k -18k)
Product photographer (14k-17k)
27/10-26/11
Cont-72067-86040

**JOB REQUIRED**
OPD Assistant/ OT Assistant/ Counceller and Helper in PC Sharma EYE Hospital,A/City.
21/10-20/11
CV Send on Whatsapp
88942-37825

जिला अम्बाला में सबसे ज्यादा बिकने वाले सिटी मीडिया में 12 सीसी विज्ञापन पेज 4 पर
750 रु में 1 दिन व 1500 में 3 दिन
लगवाकर लाखों पाठकों तक अपना संदेश पहुंचाएं। रेट कम कराने वालें के विज्ञापन प्रकाशित नहीं होंगे।
सम्पर्क करें- 94165-33033, 0171-2533033

# पंजाब में आप पार्टी ने -3, व कांग्रेस ने 1 सीट जीती

## बीजेपी पंजाब मे खाता भी नही खोल पाई

पंजाब में हुए उपचुनाव में छब्बेवाल सीट पर आम आदमी पार्टी के डॉ. इशांक कुमार ने 28,690 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। उन्हें 51,904 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के रंजीत कुमार को 23,214 वोट प्राप्त हुए। बरनाला सीट पर कांग्रेस के कुलदीप सिंह ढिल्लन ने आम आदमी पार्टी के हरिंदर सिंह ढालीवाल को 2,157 वोटों से हराकर जीत हासिल की। डेरा बाबा नानक सीट पर आम आदमी पार्टी के गुरदीप सिंह रंधावा ने 59,104 वोट पाकर कांग्रेस की जतिंदर कौर रंधावा को 5,699 वोटों से हराया। जतिंदर कौर को 53,405 वोट मिले।

**REQUIRED**
1) Kindergarten Teacher BA N TT
2) PRT (primary Teacher) JBT b.Ed
3) TGT( trained Graduate Teacher) BA MA b.Ed Subject English SST Hindi Math Science Punjabi & Computer.
4)Coordinator With Good Command in English & At least five year experience Also Knowledge of Computer.
5) Front Desk Male or female With Experience of Student Admissions
7/11-6/12
Conveyance facility Available
Kindly contact whatapp 9050888088

# केंद्रीय मोटर नियमानुसार सरकारी ऑफिसर अपने वाहन पर नहीं लगा सकते बहुरंगी बत्ती

## एडवोकेट हेमंत ने परिवहन मंत्री अनिल विज को कार्रवाई के लिए भेजा ज्ञापन

चंडीगढ़ (सिटी मीडिया) हरियाणा के कई जिलों के डीसी (उपायुक्त ) सहित जिला स्तर के कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जैसे अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी), उपमंडलाधीश (एसडीएम) आदि जिन पदों पर आईएएस और एचसीएस अधिकारी तैनात होते हैं, के सरकारी वाहनों पर बहुरंगी ( मल्टी कलर्ड - लाल, नीली और सफेद मिश्रित) बत्ती का प्रयोग किया जा रहा है जोकि हालांकि नियमानुसार सही नहीं है.

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ( 9416887788) ने हाल ही में हरियाणा सरकार के परिवहन मंत्री अनिल विज, ट्रांसपोर्ट विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क, आईपीएस और स्टेट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर यशेन्द्र सिंह, आईएएस और विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को इस विषय पर ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है. हेमंत ने बताया कि साढ़े सात वर्ष पूर्व अप्रैल, 2017 में केंद्र की मोदी सरकार ने देश में वर्षो से व्याप्त वी.आई.पी. कल्चर को समाप्त करने के उद्देश्य से सभी प्रकार के संवैधानिक और वैधानिक पदों पर आसीन पदाधिकारियों और सरकारी अधिकारियों के वाहनों पर लाल-बत्ती लगाने की परंपरा का पूर्णतया अंत करने का निर्णय लिया था. हालाकि जब इस सम्बन्ध में केंद्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 के नियम 108 में संशोधन करने संबधी गजट नोटिफिकेशन केंद्र सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 1 मई 2017 को प्रकाशित कर तत्काल प्रभाव से लागू की गई थी, तो केवल लाल-बत्ती ही नहीं अपितु नीली बत्ती का प्रयोग भी पूर्ण तरह से समाप्त कर दिया गया था.

हेमंत ने आगे बताया कि 1 मई 2017 के बाद केवल विशेष तौर पर केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित इमरजेंसी और आपातकालीन ड्यूटी सेवाओ में कार्यरत वाहनों को बहुरंगी बत्ती अर्थात लाल, नीली और सफेद बत्ती की मिश्रित अर्थात मल्टी कलर्ड बत्ती लगाने की अनुमति प्रदान की गई एवं डीसी, एडीसी, एसडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट, तहसीलदार आदि प्रशासनिक अधिकारी उपरोक्त श्रेणी में नहीं आते बेशक उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा पुरानी सीआरपीसी (दंड प्रक्रिया संहिता ), 1973 या अब 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के प्रावधानों में प्रदेश सरकार द्वारा कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ) की शक्तियां प्रदान की गई हों.

**यहाँ तक कि जिला अदालतों के जज चाहे सेशंस जज और (मुख्य) जुडिशल मजिस्ट्रेट आदि भी उनके सरकारी वाहनों पर किसी प्रकार की बत्ती का प्रयोग नहीं कर सकते. मौजूदा केंद्रीय मोटरयान नियम 108 में अब प्रदेश सरकार के पास बहुरंगी बत्ती का प्रयोग करने हेतु सरकारी वाहनो की नई श्रेणी बनाने की कोई शक्ति भी नहीं है.**

**ज्ञात रहे कि देश का प्रथम नागरिक अर्थात भारत के राष्ट्रपति, उनके अलावा उपराष्ट्रपति, देश के प्रधानमंत्री/केंद्रीय मंत्री, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और जज, प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री/ मंत्री आदि भी उनके सरकारी वाहनों पर किसी प्रकार की बत्ती का प्रयोग नहीं कर सकते हैं.**

जिला में सबसे ज्यादा बिकने वाले सिटी मीडिया एक मात्र ऐसा दैनिक सांध्य समाचार पत्र है जो हर दुकान, मकान, गली-मौहल्ले में अपनी पहुंच रखता है। सिटी मीडिया में विज्ञापन के जरिए आप अपने बिजनेस को बुलंदियों तक पहुंचा सकते है।
94165-33033

MITTAL DENTAL GROUP
SUPER SPECIALITY DENTAL CARE CENTRE
Only Dental Clinic in Ambala Recommended by NABH & Approved by Govt. of India
Clinic -1 SEC-9, OPP. MAIN MARKET, A CITY
Clinic -2 BENGALI MOHALLA IN FRONT OF BHARAMAN DHARAMSALA, A/CANTT
Clinic -3 OLD ANAJ MANDI, NEAR POLICE POST-1, A/CITY
Dr.MOhit Kumar Mittal
Ex.Dental Surgeon PGI (Gold Medlist)
& IMPLANT SPECIAILIST 70154-41651
Experience of 18+ years n going on




# घर समाज और देश को जोड़ने का सशक्त माध्यम है भागवत कथा- प्रेम सागर पथिक



अंबाला छावनी (सिटी मीडिया) बोह मैं सात दिन से चल रही श्री मद भागवत कथा के आज विश्राम दिवस पर उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए भाई प्रेम सागर "पथिक " ने कहा कि कथा आप के मन मैं उठ रही तमाम जिज्ञासाओं को शांत कर्ता है इसके साथ साथ कथा परिवार समाज और देश को एक जुट करने मैं भी सशक्त भूमिका निभाती है

कथा हमें हमारे देवताओं द्वारा दिखाए गए आदर्श को अपने जीवन मैं धारण करना चाहिए इस अवसर पर कथा आयोजित करने मैं सहयोग करने वाली मुख्य टीम किरण सुमन ललिता साक्षी दीक्षा को व्यास पीठ से सम्मानित किया तथा आगामी वर्ष मैं की जाने वाली श्री मद भागवत कथा के लिए और ज्यादा टीम बनाने का प्रण लिया गया आठवें दिन आयोजित हवन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और प्रसाद वितरण किया गया।

जिसमें बोह के साथ साथ डिफेंस एन क्लेव डिफेंस कॉलोनी आनंद नगर कल्लरहेडि आदि से भरी संख्या मैं श्रद्धालू ने कथा प्रसाद के साथ साथ भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर ब्रह्म दत्त शर्मा अरुण कुमार हेम राज शर्मा अनिल मेहता कार्तिक शर्मा संगीता शर्मा पूनम शर्मा उर्वशी शर्मा राजिंदर कुमार एस सी मेहता सुरिन्दर बक्शी कमलेश मास्टर सुभाष शर्मा वा अन्य लोग उपस्थित थे

# काजल जैन को मिला "बेस्ट रिसर्च पेपर" का सम्मान




चंडीगढ़ (सिटी मीडिया) चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित "इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी फॉर इंटेलिजेंट डिसीजन सपोर्ट (ITIDS 2024)" अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन में देश और विदेश के करीब 400 प्रतिभागियों ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में महर्षि मारकंडेश्वर डीम्ड यूनिवर्सिटी, मुलाना (अंबाला) की रिसर्च स्कॉलर एवं सहायक प्रोफेसर काजल जैन ने अपने शोध-पत्र "ब्लॉकचेन-पावर्ड एग्री-सिक्योरिटी फॉर कॉर्न सप्लाई मैनेजमेंट" के लिए "बेस्ट रिसर्च पेपर" का प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता। काजल जैन ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए अपने गाइड डॉ. संजीव राणा का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. राणा के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने इस शोध को उत्कृष्ट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस सम्मेलन का उद्देश्य तकनीकी नवाचारों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर चर्चा करना था। काजल जैन की इस सफलता ने न केवल उनके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी और कृषि सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में नए विचारों को भी बढ़ावा दिया।

फोन घुमाएं घर में बैठे

मलेशिया GUASA थैरेपी के जरिए
सवाईकल की प्रॉब्लम 20 दिनों में ठीक करवाएं।
राकेश वर्मा - 80534-65179